भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2853
गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

रसगोविंदपुर-अमरदा रोड हवाई अड्डे का निर्माण

2853. श्री प्रताप चन्द्र षडङ्गी :

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रसगोविंदपुर-अमरदा रोड हवाई अड्डे की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके पूरा होने में देरी के क्या कारण हैं;

(ख) उक्त हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है, और

(ग) उक्त निर्माण कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है तथा यह कब तक पूरा होकर पूरी तरह चालू हो जाएगा?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) डीआरडीओ के स्वामित्व वाली अमरदा हवाईपट्टी को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान योजना के 4.2 दौर के तहत उड़ानों के लिए चिह्नित किया गया था। हवाईपट्टी के विकास कार्य के लिए अपेक्षित कार्य अनुमति रक्षा मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार को प्रदान कर दी गई है और डीआरडीओ ने भूमि राज्य सरकार को सौंप दी है। हवाईपट्टी के पुनरुद्धार की योजना के तहत हवाईपट्टी के विकास के लिए 45 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। साइट के लिए ओएलएस सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। ओडिशा राज्य सरकार द्वारा 3सी-आईएफआर के रूप में हवाईअड्डे के विकास/विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया चलाई जा रही है।

******